ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560003.

Karnataka School Examination and Evaluation Board

Malleshwaram, Bangalore - 560003.

2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ - 2

S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER - 2 : 2026-27

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT : Third Language Hindi

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H	Subject Code : 61H
ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ	Time : 3 Hours
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80	Max. Marks : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।

2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है,

   जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।

[Turn over

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8x1=8**

1. 'गरीब' शब्द का विलोम रूप है –

(A) निर्धन (B) ईमानदार

(C) अमीर (D) धनहीन ।

2. 'पुरुष' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) माता (B) बहन

(C) श्रीमती (D) स्त्री ।

3. निम्नलिखित में से 'एकवचन' शब्द है –

(A) नौका (B) बच्चे

(C) पुस्तकें (D) प्रतियाँ ।

4. 'चिपकना' शब्द का 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप' है –

(A) छिपाना (B) चिपकाना

(C) चलाना (D) चिढ़ाना ।

5. निम्नलिखित में से 'गुण संधि' का उदाहरण है –

(A) सदैव (B) स्वागत

(C) गिरीश (D) रमेश ।

6. 'शताब्दी' शब्द में समास है –

(A) द्विगु (B) अव्ययीभाव

(C) कर्मधारय (D) द्वंद्व ।

7. दूकानदार ने सेब लिफाफे_____रखा।

रिक्त स्थान में सही 'कारक चिह्न' होगा –

(A) ने (B) के

(C) में (D) से ।

8. आज का युग कंप्यूटर युग है ।

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) अल्प विराम (B) पूर्ण विराम

(C) उद्धरण चिह्न (D) प्रश्नवाचक ।

II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4x1=4

9. जलालुद्दीन : जीजा : : शम्सुद्दीन : _____

10. हाथी : जंगली जानवर : : भैंस : _____

11. बेलुरु मंदिर : शिल्पकला : : गोलगुंबज : _____

12. पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल : _____

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक - एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4x1=4

13. टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है ?

14. आदिवासी दोस्तों ने क्या तय किया ?

15. आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है ?

16. बलराम के अनुसार किसे मोल लिया गया है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : 8x2=16

17. दूकानदार ने अपने नौकर से क्या कहा ?

18. जलालुद्दीन ने बालक कलाम को नई दुनिया का बोध कैसे कराया ?

19. लेखक को भेजे गये निमंत्रण पत्र में क्या लिखा गया था ?

20. बालशक्ति के बालक गाँव को 'आदर्श गाँव' कैसे बनाते हैं ?

21. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

22. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

23. शनि ग्रह का वायुमंडल कैसे बना है ?

अथवा

शनि एक सुंदर ग्रह है । क्यों ?

24. महात्मा गांधी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

अथवा

मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : **9x3=27**

25. गिल्लू के प्रति लेखिका की ममता का वर्णन कीजिए।
26. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे ? विवरण दीजिए।
27. बचेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ? बताइए।
28. कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।
29. रोबोनिल के घर में आ जाने से सक्सेना परिवारवालों ने राहत की साँस ली। क्यों ? स्पष्ट कीजिए।
30. कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ?
31. कविता के आधार पर समय के महत्व को समझाइए।
32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :
    मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक।
    पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।
33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :
    सत्य की महिमा अपार है। सत्य अत्यंत शक्तिशाली है। इसलिए हमें सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : **2x4=8**

34. पं.राजकिशोर के मानवीय गुणों का परिचय दीजिए।

    अथवा

    बसंत एक ईमानदार लड़का है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :
    असफलता_____
    _____
    _____
    _____भागो तुम।

VII. गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1x4=4**

36. अनुशासन हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण गुण है। अनुशासन का अर्थ नियमों का पालन करना है । अनुशासित व्यक्ति समय पर अपना काम करता है। वह अपने माता-पिता, शिक्षकों और बड़ों का सम्मान करता है। विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है । अनुशासन से हमें समय का सदुपयोग करना सीख सकते है । अनुशासन के कारण हमारे कार्य व्यवस्थित और सफल होते हैं। इसलिए हमें अपने जीवन में हमेशा अनुशासन का पालन करना चाहिए।

अ) अनुशासन का अर्थ क्या है ?

आ) अनुशासित व्यक्ति किसका सम्मान करता है ?

इ) विद्यार्थी के जीवन में किसका विशेष महत्व है ?

ई) अनुशासन से हमारे कार्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 से 15 वाक्यों में एक निबंध लिखिए : 1x4=4

37. क) स्वच्छता अभियान

* प्रस्तावना
* स्वच्छता का महत्व
* स्वच्छता के प्रति सुझाव
* उपसंहार।

ख) बेरोजगारी की समस्या

* प्रस्तावना
* बेरोजगारी के कारण
* बेरोजगारी दूर करने के उपाय
* उपसंहार।

ग) कर्नाटक का वैभव

* प्रस्तावना
* शिल्पकला और वास्तुकला
* कर्नाटक की विशेषताएँ
* उपसंहार।

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1x5=5

38. कोई सकारण देते हुए अपने प्रधान अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।

अथवा

अपने स्वास्थ्य के बारे में बताते हुए अपनी माताजी के नाम एक पत्र लिखिए।

==========